**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 3603**

**Series : SS-M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :*

(i) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) *प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

(iii) *शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) 'ज़र्रा-ज़र्रा सोये हैं' वाक्य में 'ज़र्रा-ज़र्रा' का क्या अर्थ है ?

(क) थोड़ा-सा (ख) कण-कण

(ग) बूढ़ा-सा (घ) जाड़ा-सा

(ii) कवि का छोटा खेत किस आकार का था ?

(क) चौकोना (ख) तिकोना

(ग) आयताकार (घ) वक्र

(iii) 'अर्ध राति गइ कपि नहिं आयउ' काव्यांश में किस पात्र के न आने का वर्णन है ?

(क) सुग्रीव (ख) मयंद

(ग) अंगद (घ) हनुमान

(iv) निराला ने 'जीर्ण बाहु' किसे कहा है ?

(क) रोगी को (ख) वृद्ध को

(ग) कृषक को (घ) बालक को

(v) सूर्योदय से पहले किसका जादू होता है ?

(क) उषा का (ख) निशा का

(ग) निशिचर का (घ) भूत का

(vi) कार्यक्रम कैसा होना चाहिए ? 'कैमरे में बंद अपाहिज' पाठ के आधार पर बताइए :

(क) अद्भुत (ख) दिव्य

(ग) रोचक (घ) अलौकिक

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

दिल में क्या झरना है ?

मीठे पानी का सोता है



Downloaded from cclchapter.com

भीतर वह, ऊपर तुम
मुसकाता चाँद-ज्यों धरती पर रात-भर
मुझ पर त्यों तुम्हारा ही खिलता वह चेहरा है।

**अथवा**

आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था
जोर जबरदस्ती से बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी
हारकर मैंने उसे कील की तरह
उसी जगह ठोंक दिया।

**3.** आलोक धन्वा ***अथवा*** तुलसीदास के जीवन, रचनाओं व भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

जब वे दौड़ते हैं बेसुध
छतों को भी नरम बनाते हुए
दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए
जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' कविता का मूलभाव लिखिए।

(ख) 'बादल राग' में निहित क्रांति की भावना पर प्रकाश डालिए।



Downloaded from cclchapter.com

(ग) राम के प्रलाप का वर्णन कीजिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) भक्तिन का शरीर कैसा था ?

(क) मोटा (ख) दुबला

(ग) लम्बा (घ) दिव्य

(ii) बाजार में जादू को कौन-सी इन्द्रिय पकड़ती है ?

(क) आँख (ख) त्वचा

(ग) कर्ण (घ) नासिका

(iii) धर्मवीर भारती कुमार-सुधार सभा में क्या थे ?

(क) अध्यक्ष (ख) उपाध्यक्ष

(ग) कोषाध्यक्ष (घ) उपमंत्री

(iv) रात्रि की भीषणता को कौन ललकारती थी ?

(क) चाँदनी (ख) बिजली

(ग) पहलवान की ढोलक (घ) भावुकता

(v) चार्ली चैप्लिन की एक पहचान का नाम है :

(क) यहूदीवंशी (ख) नागवंशी

(ग) अग्निवंशी (घ) भृगुवंशी

(vi) शिरीष के फूल को संस्कृत साहित्य में कैसा माना गया है ?

(क) कठोर (ख) कुरूप



Downloaded from cclchapter.com

(ग) कोमल (घ) गुंजायमान

(vii) आधुनिक युग में विडम्बना की बात क्या है ?

(क) साम्यवाद (ख) जातिवाद

(ग) अद्वैतवाद (घ) प्रयोगवाद

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

आदर्श समाज में इतनी गतिशीलता होनी चाहिए जिससे कोई भी वांछित परिवर्तन समाज के एक छोर से दूसरे तक संचारित हो सके। ऐसे समाज के बहुविधि हितों में सबका भाग होना चाहिए तथा सबको उनकी रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। सामाजिक जीवन में अबाध संपर्क के अनेक साधन व अवसर उपलब्ध रहने चाहिए। तात्पर्य यह है कि दूध-पानी के मिश्रण की तरह भाईचारे का यही वास्तविक रूप है और इसी का दूसरा नाम लोकतंत्र है।

**अथवा**

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात - ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्त्त शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस-फूस की झोंपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य ! अँधेरा और निस्तब्धता।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'नमक' कहानी के मूलभाव को स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) मेढक-मंडली का शब्दचित्र प्रस्तुत कीजिए। 2

(ग) शिरीष को अवधूत क्यों कहा गया है ? 2



Downloaded from cclchapter.com

**9.** *'वितान' (भाग - 2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) किशनदा ने यशोधर बाबू की सहायता किस प्रकार से की ?

(ख) यशोधर बाबू की बेटी की आधुनिकता का वर्णन कीजिए।

(ग) मुअनजोदड़ो के अजायबघर में हथियारों के न होने से क्या संकेत मिलता है ?

(घ) वसंत पाटील के व्यक्तित्व का विश्लेषण कीजिए।

(ङ) ऐन फ्रैंक के फिल्मी प्रेम पर प्रकाश डालिए।

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) आमतौर पर रेडियो नाटक की अवधि कितनी होती है ?

(ii) रंगमंच किस साहित्यिक विधा में आवश्यक है ?

(iii) टेलीविजन में 'लाइव' का क्या अर्थ है ?

(iv) जनसंचार के आधुनिक माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम कौन-सा है ?

(v) समाचार लेखन की सबसे लोक प्रिय और उपयोगी शैली का नाम लिखिए।

(ख) 'एक कामकाजी औरत' ***अथवा*** 'जातिवाद' पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 5

(ग) विशेष लेखन की भाषा और शैली का विवेचन कीजिए। 5

**अथवा**

रेडियो नाटक लिखने की प्रक्रिया का विश्लेषण कीजिए।

**11.** (क) (i) निम्नलिखित का संधि-विच्छेद कीजिए : $1 + 1 = 2$

चिन्मय, बहिर्मुख।

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : 1



Downloaded from cclchapter.com

'उत् + ज्वल'

(ख) (i) बहुव्रीहि समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : 1

'हस्तलिखित'

(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) एक सेब की पेटी ले आना।

(ii) मानवतापन प्रशंसनीय है।



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 3603**

**Series : SS-M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : B***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*



Downloaded from cclchapter.com

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) 'मुझसे मिलने को कौन विकल' पंक्ति में कौन-सा भाव है ?

(क) विश्वास (ख) आशा

(ग) विह्वलता (घ) समरसता

(ii) उड़ाई जाने वाली सबसे हलकी और रंगीन चीज क्या है ?

(क) पतंग (ख) तितली

(ग) वायुयान (घ) राकेट

(iii) सीधी बात किसके चक्कर में फँसी ?

(क) दर्शन के (ख) तर्कशास्त्र के

(ग) विज्ञान के (घ) भाषा के

(iv) कवि ने गरीबी कैसी बताई है ?

(क) सुनहरी (ख) गरबीली

(ग) रंगीन (घ) भवतारणी

(v) 'सहेहु विपिन हिम आतप बाता' पंक्ति में 'आतप' का क्या अर्थ है ?

(क) आपदा (ख) सूर्य

(ग) धूप (घ) तपस्या

(vi) रस का पात्र कैसा है ?

(क) अक्षय (ख) कमजोर

(ग) नीरस (घ) निन्दनीय



Downloaded from cclchapter.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

घन, भेरी गर्जन से सजग सुप्त अंकुर
उर में पृथ्वी के, आशाओं से
नवजीवन की, ऊँचा कर सिर,
ताक रहे हैं, ऐ विप्लव के बादल !

**अथवा**

बहु विधि सोचत सोच विमोचन। œeवत सलिल राजीव दल लोचन।।
उमा एक अखंड रघुराई। नर गति भगत कृपाल देखाई।।

**3.** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ***अथवा*** कुँवर नारायण के जीवन, रचनाओं एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता का मूलभाव लिखिए।

(ख) 'बगुलों के पंख' कविता में निहित प्राकृतिक सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'गज़ल' में निहित कवि की पीड़ा का चित्रण कीजिए।



Downloaded from cclchapter.com

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) 'कृषीबल' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) बैल (ख) भैंसा

(ग) किसान (घ) ऊँट

(ii) इस युग में 'जातिवाद' क्या है ?

(क) गुण (ख) विडम्बना

(ग) श्रेष्ठ व्यवस्था (घ) ईश-विधान

(iii) 'नमक' कहानी में सबसे अच्छा डाभ कहाँ का बताया गया है ?

(क) कलकत्ता का (ख) राँची का

(ग) मथुरा का (घ) ढाका का

(iv) चार्ली चैप्लिन किसके अधिक नजदीक कहे गए हैं ?

(क) प्रेमचन्द के (ख) नीरज के

(ग) प्रसाद के (घ) निराला के

(v) लुट्टन पहलवान के कितने पुत्र थे ?

(क) तीन (ख) चार

(ग) दो (घ) एक

(vi) वर्षा का देवता कौन माना गया है ?

(क) इन्द्र (ख) वरुण



Downloaded from cclchapter.com

(ग) सूर्य (घ) पवन

(vii) बाजार चौक में भगतजी क्या बेचते थे ?

(क) मिठाई (ख) चूरन

(ग) सब्जी (घ) फल

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पिआसे के पिआसे रह जाते हैं।

**अथवा**

जब उमस से प्राण उबलता रहता है और लू से हृदय सूखता रहता है, एकमात्र शिरीष कालजयी अवधूत की भाँति जीवन की अजेयता का मंत्र प्रचार करता रहता है। यद्यपि कवियों की भाँति फूल-पत्ते को देखकर मुग्ध होने लायक हृदय विधाता ने नहीं दिया है, पर नितांत ठूँठ भी नहीं हूँ। शिरीष के पुष्प मेरे मानस में थोड़ा हिल्लोल जरूर पैदा करते हैं।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भक्तिन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। 4

(ख) 'नमक' कहानी का उद्‌देश्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) चार्ली चैप्लिन की लोकप्रियता का कारण लिखिए। 2

**9.** ***'वितान' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$



Downloaded from cclchapter.com

(क) मास्टर सौंदलगेकर की साहित्यिक चेतना को स्पष्ट कीजिए।

(ख) आनन्दा के दादा का कोल्हू सारे गाँव में सबसे पहले क्यों चलता था ?

(ग) मुअनजोदड़ो के बौद्ध स्तूप का वर्णन कीजिए।

(घ) जॉन और मिस्टर क्लीमेन के व्यवहार का परिचय दीजिए।

(ङ) यशोधर बाबू के सिल्वर वैडिंग के विषय में विचार क्या थे ?

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) रेडियो किस प्रकार का माध्यम है ?

(ii) भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का दूसरा दौर कब से शुरू हुआ ?

(iii) इंटरव्यू के लिए हिन्दी शब्द क्या है ?

(iv) क्या 'स्वास्थ्य' विशेष लेखन का क्षेत्र है ?

(v) नाटक किस प्रकार की विधा है ?

(ख) अपने विद्यालय पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 5

**अथवा**

दो मित्रों की बातचीत का विवरण लिखिए।

(ग) प्रिंट माध्यम का विवेचन कीजिए। 5

**अथवा**

फीचर लेखन पर प्रकाश डालिए।

**11.** (क) (i) दीर्घ संधि के स्वरूप को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ii) निम्नलिखित का संधि-विच्छेद कीजिए : 1

'उल्लास'



Downloaded from cclchapter.com

(ख) (i) कर्मधारय समास की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : 1

'आकंठ'

(ग) यमक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) मिठाईयाँ आमतौर पर अच्छी लगती हैं।

(ii) सुन्दर सुरूप सराहनीय है।



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 3603**

**Series : SS-M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*



Downloaded from cclchapter.com

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) नभ में पंक्तिबद्ध बगुलों के पंखों ने कवि की कौन-सी इंद्रिय को चुराया ?

(क) कान (ख) आँख

(ग) नासिका (घ) रसना

(ii) 'गज़ल' किस साहित्य में अधिक प्रसिद्ध है ?

(क) उर्दू में (ख) लैटिन में

(ग) ग्रीक में (घ) संस्कृत में

(iii) 'उमा एक अखंड रघुराई' पंक्ति में 'उमा' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) शची (ख) उर्वशी

(ग) शारदा (घ) पार्वती

(iv) 'निराला' ने अट्टालिकाओं को क्या कहा है ?

(क) अजायबघर (ख) चिकित्सालय

(ग) आतंक-भवन (घ) योग-भवन

(v) 'मुक्तिबोध' ने कहाँ लापता होना स्वीकारा ?

(क) धुएँ के बादलों में (ख) नभ नीलिमा में

(ग) सागर में (घ) अज्ञातलोक में

(vi) पतंगबाज किसके सहारे उड़ते दिखाए गए हैं ?

(क) धागे के सहारे (ख) पतंग के सहारे

(ग) रंध्रों के सहारे (घ) उँगलियों के सहारे



Downloaded from cclchapter.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
(अभी गीला पड़ा है)
बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो।

**अथवा**

बच्चे प्रत्याशा में होंगे
नीड़ों में झाँक रहे होंगे
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है।
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है।

**3.** रघुवीर सहाय ***अथवा*** गजानन माधव 'मुक्तिबोध' के जीवन, रचनाओं एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।
अस मम जिवन बंधु बिनु तोही। जो जड़ दैव जिआवै मोही।।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) टेलीविजन - कैमरे में बंद अपाहिज के माध्यम से कार्यक्रम को कैसे रोचक बनाया गया ?



Downloaded from cclchapter.com

(ख) 'छोटा मेरा खेत' कविता का मूलभाव लिखिए।

(ग) सीधी बात कहाँ तक बिगड़ी ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(i) भक्तिन क्या नहीं बन सकी ?

(क) गोरखनाथ (ख) एकनाथ

(ग) सत्यवादी हरिश्चन्द्र (घ) मीराबाई

(ii) जैनेन्द्र कुमार के मित्र ने बाजार को क्या संज्ञा दी ?

(क) शैतान का जाल (ख) जी का जंजाल

(ग) आलवाल (घ) प्रणतपाल

(iii) 'आषाढ़' से सम्बद्ध ऋतु है :

(क) बसंत (ख) वर्षा

(ग) शीत (घ) ग्रीष्म

(iv) किस पहलवान को शेर का बच्चा कहा गया ?

(क) सूरज सिंह (ख) तारा सिंह

(ग) धारा सिंह (घ) चाँद सिंह

(v) चार्ली चैप्लिन किस नेता से मिले ?

(क) चाउनलाई (ख) महात्मा गाँधी

(ग) ब्रेझनेव (घ) हिटलर



Downloaded from cclchapter.com

(vi) कस्टमवालों के लिए क्या आवश्यक है ?

(क) दिव्य ज्ञान (ख) ज्योतिष ज्ञान

(ग) कर्त्तव्यपालन (घ) सहज समाधि

(vii) राजा दुष्यंत कैसे थे ?

(क) अच्छे-भले प्रेमी (ख) हृदयहीन

(ग) कमजोर (घ) संन्यासी

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी।

**अथवा**

क्षमताओं के आधार पर भिन्न व्यवहार कितना भी आवश्यक तथा औचित्यपूर्ण क्यों न हो, मानवता के दृष्टिकोण से समाज दो वर्गों व श्रेणियों में नहीं बाँटा जा सकता। ऐसी स्थिति में राजनीतिज्ञ को अपने व्यवहार में एक व्यवहार्य सिद्धांत की आवश्यकता रहती है और यह व्यवहार्य सिद्धांत यही होता है कि सब मनुष्यों के साथ समान व्यवहार किया जाए।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) शिरीष की महिमा का वर्णन कीजिए। 4

(ख) बाजार की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। 2



Downloaded from cclchapter.com

(ग) धर्मवीर भारती की जीजी के संस्कारों का विश्लेषण कीजिए। 2

**9.** ***'वितान' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) मुअनजोदड़ो के नगर नियोजन का विवेचन कीजिए।

(ख) वास्तुकला की दृष्टि से 'महाकुंड' का वर्णन कीजिए।

(ग) ऐन फ्रैंक के नारी सम्बद्ध विचारों पर प्रकाश डालिए।

(घ) आनंदा के दादा की क्रूरता का विश्लेषण कीजिए।

(ङ) उपहार में मिले यशोधर के ड्रेसिंग गाउन का वर्णन कीजिए।

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) भारत में पहला छापाखाना कब खुला ?

(ii) टेलीविजन किस प्रकार का माध्यम है ?

(iii) पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

(iv) बीट की परिभाषा लिखिए।

(v) कथावस्तु किसे कहते हैं ?

(ख) 'बाढ़ का प्रकोप' ***अथवा*** 'अच्छे दिन' पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 5

(ग) फीचर ***अथवा*** रेडियो नाटक का विवेचन कीजिए। 5

**11.** (क) (i) व्यंजन संधि की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2



Downloaded from cclchapter.com

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : 1

'ने + अन'

(ख) (i) द्वन्द्व समास की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : 1

'लंबोदर'

(ग) उपमा अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) दवाईयाँ उपयोगी होती हैं।

(ii) भूत, वर्तमान, भविष्य तीन काल हैं।



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 12th** **(Sr. Secondary)** **Code No. 3603**

**Series : SS-M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | | **SET : D**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) 'भादो' महीना किस ऋतु में आता है ?

(क) शरद (ख) ग्रीष्म

(ग) हेमंत (घ) वर्षा

(ii) बात कवि से किसकी तरह खेल रही थी ?

(क) शरारती बच्चे की तरह

(ख) हवा की तरह

(ग) जल की तरह

(घ) बाढ़ की तरह

(iii) 'परिवेष्टित' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) पगड़ी

(ख) परिजन

(ग) चारों ओर से घिरा हुआ

(घ) परिक्रमा

(iv) उषा का जादू टूटने का समय क्या है ?

(क) सूर्यास्त (ख) सूर्योदय

(ग) प्रदोष (घ) प्रहर

(v) गगन-स्पर्शी कौन है ?

(क) बादल (ख) मृदा

(ग) मणि (घ) मत्स्य

(vi) लुटते रहने से जरा भी कम क्या नहीं होती ?

(क) संपत्ति (ख) रस-धारा



Downloaded from cclchapter.com

(ग) औषधि (घ) पुस्तक

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

प्रभु प्रलाप सुनि कान, बिकल भए बानर निकर।

आइ गयउ हनुमान, जिमि करुना मँह बीर रस।।

**अथवा**

हो जाए न पथ में रात कहीं

मंजिल भी तो है दूर नहीं

यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है !

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है।

**3.** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ***अथवा*** हरिवंशराय बच्चन के जीवन, रचनाओं एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

छटपटाती छाती को भवितव्यता डराती है

बहलाती सहलाती आत्मीयता बरदाश्त नहीं होती है।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) पतंगबाजों की मानसिकता का वर्णन कीजिए।



Downloaded from cclchapter.com

(ख) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता का सार लिखिए।

(ग) राम के भ्रातृप्रेम का विवेचन कीजिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(i) भक्तिन कहाँ की रहने वाली थी ?

(क) प्रयाग (ख) झूँसी

(ग) बनारस (घ) जौनपुर

(ii) शून्य होने का अधिकार किसे है ? 'बाजार दर्शन' पाठ के आधार पर बताइए :

(क) वाराह को (ख) मृगेन्द्र को

(ग) परमात्मा को (घ) बगुले को

(iii) अंधविश्वास से क्या होता है ?

(क) नुकसान (ख) लाभ

(ग) प्रकाश (घ) ईश दर्शन

(iv) पहलवान क्या बजाता था ?

(क) वीणा (ख) तबला

(ग) मृदंग (घ) ढोलक

(v) जटिल परिस्थितियों ने चार्ली को क्या बनाया ?

(क) योद्‌धा (ख) घुमंतु

(ग) संन्यासी (घ) राजनेता

(vi) शिरीष को कैसा कहा गया है ?



Downloaded from cclchapter.com

(क) कालजयी (ख) आतंकी

(ग) सौदागर (घ) जड़मति

(vii) आदर्श समाज की विशेषता है :

(क) विघटन (ख) अलगाव

(ग) गतिशीलता (घ) विद्वेष

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

मैं असल में था तो इन्हीं मेढक-मंडली वालों की उमर का, पर कुछ तो बचपन के आर्यसमाजी संस्कार थे और एक कुमार-सुधार सभा कायम हुई थी उसका उपमंत्री बना दिया गया था। सो समाज-सुधार का जोश कुछ ज्यादा ही था। अंधविश्वासों के खिलाफ तो तरकस में तीर रखकर घूमता रहता था।

**अथवा**

लोग संयमी भी होते हैं। वे फिजूल सामान को फिजूल समझते हैं। वे पैसे को बहाते नहीं हैं और बुद्धिमान होते हैं। बुद्धि और संयमपूर्वक वह पैसे को जोड़ते हैं, जोड़ते ही जाते हैं। वह पैसे की पावर को इतना निश्चय समझते हैं कि उसके प्रयोग की परीक्षा उन्हें दरकार नहीं है। बस खुद पैसे के जुड़ा होने पर उनका मन गर्व से भरा फूला रहता है।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) चार्ली चैप्लिन की लोकप्रियता पर प्रकाश डालिए। 4

(ख) 'जाति-प्रथा' के आधार पर श्रम विभाजन को स्वाभाविक क्यों नहीं माना गया ? 2



Downloaded from cclchapter.com

(ग) लुट्टन सिंह ने चाँदसिंह को किस प्रकार हराया ? 2

**9.** *'वितान' (भाग - 2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) आनंदा के काव्य-प्रेम का वर्णन कीजिए।

(ख) सिन्धु घाटी सभ्यता की फसलों पर प्रकाश डालिए।

(ग) यशोधर बाबू की वाहन से सम्बद्ध विचारधारा को स्पष्ट कीजिए।

(घ) हजार गिल्डर के नोट अवैध मुद्रा घोषित करने से उत्पन्न कठिनाइयों का विवेचन कीजिए।

(ङ) ऐन फ्रैंक के महिला विषयक विचारों का विश्लेषण कीजिए।

**10.** (क) ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) समाचार पत्र किस माध्यम के अंतर्गत आते हैं ?

(ii) रेडियो किस प्रकार का माध्यम है ?

(iii) अंशकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

(iv) नाटक कहाँ प्रस्तुत किया जाता है ?

(v) कथावस्तु किसे कहते हैं ?

(ख) रेडियो ***अथवा*** टेलीविजन माध्यम पर प्रकाश डालिए। 5

(ग) कहानी को नाटक के रूप में कैसे रूपांतरित किया जाता है ?

5

**अथवा**

अध्यापक और छात्र के बीच संवाद का वर्णन कीजिए।

**11.** (क) (i) निम्नलिखित का संधि-विच्छेद कीजिए : $1 + 1 = 2$

नायक, नीरस।

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : 1



Downloaded from cclchapter.com

'तत् + रूप'

(ख) (i) अव्ययीभाव समास की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : 1

'पनचक्की'

(ग) मानवीकरण अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) तपस्यापन आसान नहीं है।

(ii) प्रशासन, शिक्षक, विद्यार्थियों में तालमेल रहना चाहिए।



Downloaded from cclchapter.com